सार-समाचार

एलन पीएनसीएफ का 10वीं बोर्ड में शानदार परिणाम

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) डिवीजन के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई 10वीं कक्षा के बोर्ड परिणामों में शानदार उपलब्धि हासिल की है। पीएनसीएफ हैड रामकिशोर खंगार ने बताया कि संस्थान के अद्रीश धारा तथा अधिराज गुप्ता ने 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिव्यांश बंसल ने 99 प्रतिशत, अन्वी सोनी ने 98.60, प्रद्युम्न शर्मा ने 98.40, शुभ पुरवार ने 98.40, ख्याति बंसल ने 98.20, आयुष्मान जय ने 98.00, श्रेया रॉय ने 97.80, आदिश जैन ने 97.80, आयुष्मान मौर्य ने 97.80, रिया चौधरी ने 97.80, कृष्णा राज ने 97.80, सौमिल मैती ने 97.40, लगन ने 97.20, अर्नव कैलाश कुशवाहा ने 97.20, हृतुजीत शर्मा ने 97.20, निविशा कुमारी, पूर्वा यादव एवं प्रशांत कुमार ने 97, ओम यादव, दीप्तिका नागर, केशव विजयवर्गीय, सोनल तथा करण सिंह राजावत ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। खंगार ने बताया कि 20 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत एवं उससे अधिक, 73 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक, 342 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। जबकि तथा 44 विद्यार्थी ऐसे हैं, विभिन्न विषयों में परफेक्ट स्कोर यानी 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। उन्होनें बताया कि यह सफलता अनुभवी फैकल्टी, सुव्यवस्थित अकादमिक सिस्टम, नियमित टेस्टिंग और बेहतर छात्र देखभाल एवं सहयोग का परिणाम है।

चलती बस में सीएनजी लीक होने से लगी आग, दो दमकलों से पाया काबू

कोटा, (निसं)। ड्राइवर व कंडक्टर सकुशल उतरे, कोई जनहानि नहीं कोटा अनंतपुरा फ्लाईओवर के नजदीक शुक्रवार देर रात्रि को लोक परिवहन की सीएनजी बस में आग लग गई बस झालावाड़ जिले के अकलेरा से कोटा आ रही थी, अचानक सीएनजी लीक होने से बस ने आग पकड़ ली और चंद मिनट में आग पूरी बस में फैल गई और भयंकर धुआं फैल गया। गनीमत रही कि बस कोटा से 40 किलोमीटर पहले मंडाना में ही खराब हो गई थी उस समय बस में सवार दो दर्जन यात्रीयों को मंडाना में दूसरी बस में शिफ्ट कर दिया था और आग लगने की घटना के समय बस में ड्राइवर और कंडक्टर थे, जो सकुशल उतर गए। अनंतपुरा थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि इलाके में स्थित रियलांस पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार देर रात्रि को एक बस में आग लगी थी, बस में आग की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल दमकल बुलाई गई, दमकलो की मदद से आग पर काबू पाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मंडाना में बस में खराब होने से यात्रियों को बस से पहले ही उतार दिया था, घटना के समय चालक व परिचालक बस में थे जो सहकुशल बस से पहले ही उतर गये। नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि बस झालावाड़ से कोटा की तरफ आ रही थी, आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल दो दमकल भेजी और करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया लेकिन जब तक बस पूरी तरह से जल गई थी।

एम.आई.एम.टी. की छात्रा टीशा सुराना ने माई भारत बजट क्वेस्ट में भाग लिया

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी इन्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी की बी. ए. प्रथम वर्ष की छात्रा टीशा सुराना का चयन माई भारत बजट प्रश्नोत्तरी में हुआ हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऑनलाईन क्विज आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान के 75591 युवाओं ने भाग लिया, इसके बाद निबंध चरण के बाद प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय संवाद के लिए किया गया। मोदी ग्रुप के चेयरमेन सुशील मोदी ने बताया की इस आयोजन का उद्देश्य भारत को वैश्विक उद्यमिता केंद्र बनाना और मानव पूंजी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। प्रथम दिवस 12 अप्रैल को जयपुर में आयोजित किया गया। दूसरा दिन जयपुर स्थित राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ खेल मंत्री रहें। यह कार्यक्रम युवा संवाद कार्यक्रम, खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में भागीदारी करके महाविद्यालय आने पर मोदी एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक राघव मोदी एवं एम.आई.एम.टी. के निदेशक डॉ. एन.के.जोशी ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

दसवीं में मोशन फाउंडेशन के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं के परिणाम में मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिवीजन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर एवं एजुकेटर नितिन विजय ने बताया कि संस्थान की छात्रा एकता शर्मा ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं तनीषा राठौर ने 99.6 प्रतिशत और ट्विंकल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि मोशन के कुल 17 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा 44 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। नितिन विजय ने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और फैकल्टी की समर्पित टीम को दिया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन स्तर पर मजबूत तैयारी ही भविष्य में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता की नींव रखती है। मोशन में इसी सोच के साथ छात्रों को अवधारणात्मक स्पष्टता, नियमित टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। डायरेक्टर डॉ. स्वति विजय ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही यह भी कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और आने वाले वर्षों में मोशन के परिणाम और बेहतर होंगे।

पुस्तक वेल्थ क्रिएशन का विज्ञान का विमोचन

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर निमित रंजन चौधरी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं एनआईएसएम प्रमाणित रिसर्च एनालिस्ट डॉ डीपी शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक वेल्थ क्रिएशन का विज्ञान का विमोचन किया। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि लेखक डॉ.डीपी शर्मा द्वारा लिखित 40 अध्यायों वाली यह पुस्तक पैसे के मनोविज्ञान, बचत के विज्ञान और शेयर बाजार के फंडामेंटल व टेक्निकल एनालिसिस को सरल भाषा में समझाती है। विमोचन के अवसर पर लेखक डॉ.डीपी शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में वित्तीय शिक्षा की कमी के कारण युवा अच्छी आय के बावजूद कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि 'बिना आर्थिक ज्ञान के निवेश करना अंधेरे में तीर चलाने जैसा है।' डॉ डीपी शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक छात्रों, पेशेवरों और सेवानिवृत्त लोगों के लिए समान रूप से उपयोगी है। यह पाठकों को भविष्य सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत 'फाइनेंशियल पोर्टफोलियो' बनाने हेतु प्रेरित करती है।

प्रदेश स्तर पर वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा का सम्मान

कोटा, (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान द्वारा प्रांतीय सम्मेलन संपन्न हुआ। अध्यक्ष टीपी एस सेठी ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा का प्रतिनिधित्व किया। प्रतिवेदन सेशन में टीपी एस सेठी ने वी एन एस कोटा की वर्षभर की गतिविधियों से अवगत करवाया और वरिष्ठजनों के लिए रेल कंसेशन बहाली और मेडिक्लेम सरलीकरण की मांग रखी। महासचिव डी.के. अरोड़ा ने बताया कि वीएनएस कोटा के वार्षिक कार्यों की सराहना स्वरूप प्रदेश सम्मेलन में, प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेठी द्वारा रखी गई मांगो को प्रमुख मांगों की मान्यता देकर, मैन रेजोल्यूशन चार्टर में शामिल किया गया है।

गुरूवर्या के सान्निध्य में मंगल प्रवेश

रामगंजमंडी, (निसं)। गुरूवर्या मुक्ति प्रिया के सान्निध्य में नगर में शनिवार को भव्य मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ। पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। 2 से 6 मई तक आयोजित होने वाले दीक्षा महोत्सव को लेकर समाजजनों में उत्साह व्याप्त है। दीक्षार्थी संयम मेहता ने सकल समाज बंधुओं के साथ मिलकर, 5 वर्षों बाद नगर में आई प्रिया एवं गुरूवर्या का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

43 लाख की साईबर ठगी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

कोटा, (निसं)। साईबर पुलिस टीम ने लाखों की ठगी के मामले का खुलासा करते हुए गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियो के पास से 7 मोबाईल, एक एप्पल कंपनी का लेपटॉप, 29 एटीएम व डेबिट कार्ड, 13 बैंक पास बुक, 10 चैक बुक, दो लाख रूपये कैश, अकाउंट ओपनिंग फार्म, एक आरोपी का पासपोर्ट एवं 3 मोबाईल चार्जर आदि बरामद किये है।

मामले में सामने आया कि पकड़ा गया एक आरोपी अमजाद पाकिस्तानी सरगना के कहने पर खातों में ठगी की राशि को निकाल दूसरे खातो में जमा कराता था। आरोपियों ने परिचित बनकर झांसे में लेकर फरियादी से 43 लाख 50 हजार की साईबर ठगी की थी। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 8 दिसम्बर 2025 को फरियादी दिनेश चंद गुप्ता ने विज्ञान नगर थाने में रिपोर्ट दी।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने परिचित बनकर उसको झांसा देखकर 43 लाख 50 हजार की साइबर ठगी की है, परिवादी ने कहा कि अज्ञात व्यक्ति को परिचित समझकर अलग-अलग बैंक अकाउंट में रूपये डाल दिये। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए साईबर थाने के पुलिस उप अधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में साईबर थानाधिकारी सतीश चन्द्र के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि साइबर थानाधिकारी सतीश चन्द के नेतृत्व में टीम ने मामले में अनुसंधान किया, अनुसंधान के

साईबर पुलिस टीम ने लाखों की ठगी के मामले में आरोपियों को मध्यप्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार किया।

दौरान टीम ने फरियादी के साथ हुई 43 लाख 50 हजार की ठगी जिन-जिन खातों में अन्तरित हुई उन खातों की डिटेल प्राप्त कर संदिग्धों की तलाश की गई।

गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए जिला भोपाल के जहाँगीराबाद निवासी अमजद उर्फ आर्यन (21), मध्यप्रदेश भोपाल के एमआई नगर निवासी राहुल पर्वी (30), जिला भोपाल के ग्राम खजूली कलां निवासी दीपक पूर्वी (20) एवं विजय कुमार (32) को मध्यप्रदेश के भोपाल से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि साईबर ठगी के मामले में पकडे गये चारो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, बरामद मोबाईल व लेपटॉप में करोड़ो की लेन-देन के साक्ष्य मिले है। पकड़े गये आरोपियों से साइबर ठगी की राशि की बरामदगी एवं अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ जारी है।

तरीका वारदातः-शहर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल पुर्वी, विजय कुमार व दीपक पूर्वी आरोपी मोहम्मद अमजाद को बैंक अकाउंट खुलवाकर उपलब्ध कराते। आरोपी अमजाद पाकिस्तान में बैठे सरगना से संपर्क कर उन खातों में ठगी की राशि को जमा करवाता एवं उस ठगी की राशि को आरोपी अमजाद एटीएम व चैक के माध्यम से स्वयं व खाताधारको से निकलवाकर पाकिस्तानी सरगना के बताये अन्य खातो में एटीएम मशीन से जमा कराता। आरोपी व्हाट्य एप कॉल व चैट के माध्यम से पाकिस्तानी सरगना से सम्पर्क में रहता है। शहर एसपी ने बताया कि मामले में सामने आया कि आरोपियों ने अपने व अपने परिचितों के 7 हजार रूपये प्रति खाते के हिसाब से 100 से अधिक खाते आरोपी मोहम्मद अमजाद को उपलब्ध कराये है, जिसमें कुछ खाते महिलाओ के नाम से भी खुलवाए गये। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ व अनुसंधान में सामने आया कि आरोपी अमजाद खाताधारको से उनके स्वयं के नाम से जारी कराई गई सिम व एटीमए कार्ड भी खाते के साथ प्राप्त करता है जिसकी सहायता से मोबाईल फोन में यूपीआई एप के माध्यम से कुछ राशि दुबई व भारतीय खातो में ठगी की राशि को ट्रांसफर करता है, पकड़े गये आरोपियो से अनुसंधान जारी है।

अर्बना टेक्नोपार्क का शुभारंभ, उद्योगों के नए दौर की ओर बढ़ा कोटा

- कोटा को मिला पहला निजी औद्योगिक पार्क, निवेश और उद्योगों को नई रफ्तार

कोटा, (निसं)। औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोटा को उसका पहला निजी औद्योगिक पार्क अर्बना टेक्नोपार्क के रूप में मिल गया। जिसका शुभारंभ समारोह हुआ जिसमें विभित्र औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, उद्योगपति एवं युवा उद्यमियों जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों ने भाग लिया प्रमुख रूप से अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश बिरला दी एसएसआई एसोसियेशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी मोशन के निर्देशक नितिन विजय शहर के जाने-माने बिल्डर दीपक राजवंशी जनप्रतिनिधि पंकज मेहता सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से शामिल हुए और इसे कोटा के भविष्य के लिए निर्णायक पहल बताया।

विशेषज्ञों ने उद्यमियों का मार्ग दर्शन भी किया। कंपनी के निर्देशक अनिल मुंदडा ने बताया कि कार्यक्रम में दी एसएसएसआई एसोसिएशन, कोटा व्यापार महासंघ, लघु उद्योग भारती कोटा, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन कोटा मोटर्स डीलर्स एसो ऑल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन कोटा हाड़ौती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसो. सहित कई संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहीं।

उपस्थित उद्यमियों ने परियोजना की संरचना, सुविधाओं और सदर की निवेश के लिए अनुकूल बताते हुए इसकी सराहना की। युवा उद्यमियों के लिए 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया कम्पनी निदेशक बी.डी. मूंदड़ा एवं अनिल मूंदड़ा ने बताया कि अर्बना टेवनोपार्क केवल औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराने तक सिमित नहीं है, बल्कि यह उद्योगों के समग्र विकास के लिए आवश्यक इकोसिस्टम प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विशेष रूप में युवा उघमियों के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट साबित होगी और कोटा को पुनः औद्योगिक पहचान दिलाने में सहायक बनेगी।

अनिल मुन्दडा ने कहा कि अर्बना टेक्नोंपार्क केवल एक औद्योगिक पार्क नहीं है, कोटा एक बार फिर औद्योगिक नगरी का ताज पहनेगा और अर्बना टेक्नोपार्क उस ताज की पहली कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हम युवा उद्यमियों को केवल जमीन नहीं बेच रहे, हम एक उद्यमी का सपना ब खड़ा करने में भागीदार बन रहे है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के राजेश बिरला ने कहा की कोटा शैक्षणिक पर्यटक नगरी के साथ-साथ पुनः औद्योगिक नगरी की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है इस अर्बना टेक्नो पार्क में उद्यमियों व्यवसाईयों को अपने उद्योग लगाने में सरल प्रक्रिया के तहत भूखण्ड के साथ समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे युवा उघमी भी आगे आएंगे और कोटा पुनः औद्योगिक नगरी की ओर अपना नाम रोशन करेगा।

पोषण किट वितरित

कोटा, (निसं)। सांगोद विधानसभा क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाने और सुरक्षित मातृत्व के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से शनिवार को सुपोषित मां अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के तहत् सांगोद देहात और नगर मंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को मासिक सुपोषित किट का वितरण हुआ। शनिवार को तीन प्रमुख स्थानों पर वितरण कार्यक्रमों हुआ। प्रथम चरण में लक्ष्मीपुरा स्थित सहकारी गोदाम पर बोरीनाकलां, अमृतकुआं, कुराड़िया खुर्द और श्यामपुरा क्षेत्र की लाभार्थी महिलाओं को किट प्रदान किए गए। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के सांगोद स्थित निजी आवास पर सांगोद नगर, किशनपुरा और हींगी क्षेत्र की महिलाओं के लिए वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

स्पीकर बिरला और ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से मिली सौगात

कोटा, (निसं)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से क्षेत्र के किसानों की सुविधाओं और कृषि विपणन ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। राजस्थान सरकार के कृषि विपणन निदेशालय, जयपुर ने कोटा (अनाज) मंडी के अंतर्गत आने वाले सांगोद और सुल्तानपुर सब-यार्ड में विभिन्न नवीन निर्माण कार्यों के लिए 728.34 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के किसानों को फसल बेचने और उनके भंडारण के लिए आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। जिससे लंबे समय से चली आ रही आधारभूत ढाँचे की मांग पूरी होगी। जारी आदेश के अनुसार, सांगोद सब-यार्ड में किसानों की सुविधा के लिए 705.73 लाख रुपए की लागत से 400 गुणा 100 आकार के विशाल सेल्फ सपोर्टिंग मेटल डोम रूफिंग ऑक्शन प्लेटफार्म का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही वहां आवागमन को सुगम बनाने के लिए सर्कुलेटिंग और एप्रोच रोड का निर्माण भी किया जाएगा। इस आधुनिक डोम शेड के बनने से किसानों की फसलें मौसम की मार और बारिश से सुरक्षित रह सकेंगी। निर्माण कार्यों के साथ-साथ मंडियों के आधुनिकीकरण और सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। विभाग द्वारा सांगोद और सुल्तानपुर सब-यार्ड में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 22.61 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत सांगोद मंडी यार्ड में सर्विस कनेक्शन और स्ट्रीट लाईट स्थापना के लिए 7.12 लाख रुपए तथा सुल्तानपुर सब-यार्ड में 15.49 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन कार्यों से मंडी परिसर रात्रि के समय भी दूधिया रोशनी से सराबोर रहेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि इन सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और सार्वजनिक निर्माण विभाग के मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास और उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने हेतु बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए संकल्पबद्ध है।

सार-समाचार

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा रिटेल एक्सपो 2026 का सफल आयोजन

कोटा, (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आज कोटा में एक भव्य रिटेल एक्सपो 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को बैंक की रिटेल ऋण योजनाओं, डिजिटल सेवाओं एवं वित्तीय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें सरल और सुलभ बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर शर्मा, उप महाप्रबंधक (डीजीएम), अंचल कार्यालय जयपुर एवं तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक, कोटा उपस्थित रहीं। साथ ही कोटा मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों, ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। मुख्य अतिथि सुधीर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब नैशनल बैंक ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरल, किफायती और डिजिटल रूप से सशक्त बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रिटेल एक्सपो जैसे आयोजन ग्राहकों को सीधे लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

जे.के.जैन पुरातत्व संयोजक मनोनीत

कोटा, (निसं)। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा की शाखा निर्ग्रंथ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी द्वारा जे.के.जैन को कोटा संभाग का पुरातत्व संयोजक मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन आगामी तीन वर्षों के लिए किया गया है। जे.के.जैन वर्तमान में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। निर्ग्रंथ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी, श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा की एक शाखा है, जो मुख्य रूप से प्राचीन जैन तीर्थों, मंदिरों, मूर्तियों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सर्वेक्षण, जीर्णोद्धार तथा संवर्धन पर केंद्रित कार्य करती है। महासभा एवं निर्ग्रंथ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी के अंतर्गत प्रतिवर्ष 27 अप्रैल को जैन धरोहर दिवस, 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस, 21 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय पुरातत्व दिवस, 27 अक्टूबर को विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस तथा 19 से 25 नवम्बर तक विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जाता है।

युवक ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि मृतक इलाके के स्वाराज्य मल्टी निवासी राजकुमार सेन (30) था, जिसने घर में ही कमरे में फांसी का फन्दा लगा कर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है, फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नही आया है।

एलन करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश माहेश्वरी सम्मानित

कोटा, (निसं)। सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेजर सेंटर, तलवंडी, कोटा में शनिवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एलन करियर इंस्टीट्यूट के गौरवमयी 38 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान के निदेशक राजेश माहेश्वरी का माला एवं साफा, दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा के निदेशक डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि 18 अप्रैल 1988 से प्रारंभ हुआ एलन करियर इंस्टीट्यूट देश के 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों को संस्कारित शिक्षा देकर 'संस्कार से सफलता तक' के अपने मूल मंत्र के साथ निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहा है।

बीते 38 वर्षों में एलन ने न केवल कोटा, बल्कि पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित की है। कोटा शहर को शिक्षा की काशी नामक गौरवपूर्ण शीर्षक दिलाने में एलन करियर इन्स्टीट्यूट का कोटा के अन्य कोचिंग संस्थानों के साथ बहुत बढ़ा योगदान हैं। कार्यक्रम में सुवि नेत्र चिकित्सालय की निदेशिका डॉ.विदुषी शर्मा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ.सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा तथा, डॉ.राहुल पँवार, डॉ.योगेष मांगुकिया, डॉ. सुवर्णा येलगुरी तथा एलन कोचिंग के डॉ.संजय सोनी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

खरीद केन्द्रों का निरीक्षण

बूंदी (निसं)। कार्यवाहक जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने शनिवार को खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर वहां वर्तमान में संचालित खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने हिण्डोली, बडानयागांव, नैनवां तथा गोठडा में स्थापित खरीद केन्द्रों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने हिण्डोली कृषि उपजमंडी में सुथापित खरीद केन्द्र पर पेयजल व्यवस्था के समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिए। साथ ही नैनवां खरीद केन्द्र के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

वाटर कूलर भेंट किया

रामगंजमंडी, (निसं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक, शाखा खैराबाद द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए पेयजल सुविधा सुदृढ़ करने हेतु वॉटर कूलर भेंट किया गया। संस्थान के सहायक निदेशक राकेश कुमार मेठी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक, शाखा खैराबाद की सामाजिक सरोकार भावना के तहत शाखा प्रबंधक भावेश सिंघल एवं उप शाखा प्रबंधक शुभम खंडेलवाल द्वारा संस्थान को यह वॉटर कूलर भेंट किया गया। जिससे प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस पर शाखा प्रबंधक भावेश सिंघल, उप शाखा प्रबंधक शुभम खंडेलवाल व संस्थान प्रभारी राकेश कुमार मेठी सहायक निदेशक ने संस्थान परिवार द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, शाखा खैराबाद के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस पर राजेश चेजारा समूह अनुदेशक) व रोहित कुमार गर्ग वरिष्ठ सहायक सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्थाई वारन्टी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस द्वारा 8 साल से फरार बाइक चोरी गिरोह के सरगना भगौडा वारंटी व धोखाधडी के मामले मे फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। सीआई राजेश खटाना ने बताया कि बाइक चोरी गिरोह के सरगना भगौडा वारंटी पप्पूलाल मीणा (28) पुत्र अमरलाल निवासी बेडाबेह थाना मृगवास गुना एमपी व धोखाधडी के मामले में फरार स्थाई वारंटी इन्द्रसिंह धाकड (50) पुत्र कमलसिंह सांडा कॉलोनी राघोगढ थाना राघोगढ गुना मप्र को गिरफ्तार किया गया।

शहर को प्रदूषण मुक्त व स्वच्छ बनाने के लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत : डॉ. रत्ना जैन

- हम लोग संस्था की शहर में ईवी वाहन रैली 22 अप्रैल को

कोटा, (निसं)। जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर लम्बे समय से प्रयासरत हम लोग संस्था की बैठक शनिवार को नयापुरा में आयोजित की गई। बैठक में कोटा की पूर्व महापौर डॉ.रत्ना जैन मुख्य अतिथि थी।

डॉ.जैन ने हम लोग संस्था की ओर से पर्यावरण को बचाने के लिए की जा रही कोशिशों की तारिफ करते हुए कहा कि भावी पीढ़ियों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरे को दूर करने के लिए हम लोग संस्था के पदाधिकारी व सदस्य पूरे जी जान से लगे हुए हैं। डॉ.रत्ना जैन ने अपने महापौर कार्यकाल में नगर निगम की ओर से शहर को स्वच्छ रखने व पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के बारे में बताया तथा वर्तमान में निगम की ओर से किए जाने वाले प्रयासों के लिए भी सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। अकेले नगर निगम या सरकारी स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों से ही सफलता हासिल नहीं होगी, इसके लिए लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है तथा लोगों के दिलों में भावी खतरे का एहसास करवाने की जरूरत है ताकि वे सफाई व पर्यावरण संरक्षण को दिल से अपनाएं। बैठक में डॉगबाइट्स, पीओपी की मूर्तियों से चम्बल नदी में प्रदूषण आदि विषयों पर हम लोग संस्था की

जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर बैठक आयोजित हुई।

ओर से किए जा रहे प्रयासों व आगे की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। वहीं गर्मी में हीट वैव से बचाव व आगामी बरसात के मौसम में पौधारोपण का विस्तृत अभियान चलाने की रणनीति पर भी विचार किया गया।

प्रदूषण से बचाव का संदेश देने के लिए ईवी वाहन रैली 22 को शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण के खतरे से लोगों को जागरूक करने के लिए हम लोग संस्था की ओर से 22 अप्रैल को ईवी वाहन रैली निकाली जाएगी।

संस्था के डॉ.सुधीर गुप्ता ने बताया कि रैली 22 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे सीवी गार्डन नयापुरा से रवाना होगी। यहां से जेडीबी कॉलेज, छावनी, एरोड्रम सर्किल, कॉमर्स कॉलेज चौराहा, तलवंडी चौराहा, केशवपुरा चौराहा, दादाबाड़ी, सीएडी, घोड़ा वाला सर्किल, गुमानपुरा, सरोवर टॉकीज, लकी बुर्ज, अग्रसेन सर्किल होते हुए सीवी गार्डन पर समाप्त होगी।

रैली के संयोजक जय लक्षवानी ने बताया कि शहर में वायु प्रदूषण के आंकड़ों में लगातार चिंता जनक वृद्धि देखने का मिल रही है। वायु प्रदूषण, विशेषकर महीन कण (पीएम 2.5), सीधे तौर पर हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हृदय विफलता का खतरा बढ़ाता है। प्रदूषित हवा सांस के साथ शरीर में जाकर नसों में सूजन पैदा करती है, रक्त को गाढ़ा और धमनियों को सख्त करती है, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होती है और यह हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनती है। यह दिल के मरीजों के लिए बेहद जानलेवा है। प्रदूषक रक्त को गाढ़ा कर देते हैं, जिससे धमनियों में थक्के (क्लॉट) बनने का खतरा बढ जाता है। जो सीधे हार्ट अटैक का कारण बन सकते हैं।

सूजन और ब्लॉकेज महीन कण (पीएम 2.5) फेफड़ों से होते हुए रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं, जो नसों में सूजन पैदा करते हैं और पहले से मौजूद प्लाक को अस्थिर कर सकते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप में महत्वपूर्ण वृद्धि होती है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। प्रदूषित हवा के कारण हृदय को कम ऑक्सीजन मिलती है, जिससे हृदय की पंपिंग क्षमता कमजोर हो सकती हैं। हमें भावी पीढी को प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिए अभी से सचेत होना होगा। प्रदूषण को रोकने के उपाय अपनाने होंगे, इसमें ईवी वाहनों का इस्तेमाल एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। शहर में प्रदूषण फैला रहे वाहनों की संख्या में कमी लोगों के ईवी वाहनों के इस्तेमाल से ही आ सकती है साथ ही पृथ्वी को जलवायु परिवर्तन के खतरे से बचाने के लिये अनिवार्य रूप से ईवी वाहनों का उपयोग समय की माँग हैं।

बैठक में कोटा थर्मल के रवि गोयल, डॉ राजीव मथुरिया, टीपीएस सेठी, धीरज गुप्ता तेज, राधा राजौरा, सुमन मठसिहंला, सुनील राज, सुशील सिंह, एडवोकेट प्रखर चतुर्वेदी, सौरभ मेहता सहित कई पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।